PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228
(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)
■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, बुधवार, 16 सितंबर 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## ब्रह्म एकता दिवस समारोह के मीडिया पार्टनर Planet News India

### टीम हुई सम्मानित, नितिन गडकरी सहित गणमान्य अतिथियों ने बढ़ाया सम्मान











**नई दिल्ली। मंगलवार, 15 सितंबर 2026 को नई दिल्ली स्थित हिंदी भवन, आईटीओ में ब्रह्म एकता दिवस का आयोजन** किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री **माननीय श्री नितिन गडकरी जी मुख्य अतिथि** के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य अतिथियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान **Planet News India की टीम ने भी** अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। **Planet News India की ओर से केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी को स्मृति चिह्न (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया गया।** इसके साथ ही **माननीय डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी जी एवं डॉ. ओमप्रकाश शर्मा जी को भी Planet News India की ओर से स्मृति चिह्न भेंट** किए गए।

इस अवसर पर Planet News India की टीम ने कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों से संवाद भी किया। **डॉ. ओमप्रकाश शर्मा जी** से विशेष बातचीत के दौरान ब्रह्म एकता दिवस के उद्देश्य, सामाजिक एकता और समाज को एकजुट रखने की आवश्यकता सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, एकजुटता और आपसी सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया। ब्रह्म एकता दिवस के माध्यम से समाज में एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

**Planet News India की टीम ने कहा कि ऐसे आयोजनों में मीडिया की भूमिका केवल समाचार कवरेज तक सीमित नहीं** है, बल्कि समाज में सकारात्मक संवाद और सामाजिक एकता के संदेश को लोगों तक पहुंचाना भी महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम के दौरान **केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी** सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया। **Planet News India** द्वारा गणमान्य अतिथियों को सम्मानित किया जाना भी कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में रहा।

**— Planet News India संपादक दल, नई दिल्ली**

## बघराया में कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, विजेता टीम को मिली ट्रॉफी





**हाथरस।** बघराया में **15 सितंबर** के अवसर पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने भाग लिया और खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, खेल प्रेमियों एवं बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर **मुख्य अतिथि Planet News India के मुख्य संपादक श्री निर्भय कुमार सेंगर अपनी पूरी मीडिया टीम के साथ उपस्थित रहे।** इस दौरान **आयोजकों द्वारा श्री निर्भय कुमार सेंगर एवं Planet News India की पूरी टीम को सम्मानित किया** गया। सम्मान समारोह में उनके पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान की सराहना की गई।

**मुख्य अतिथि श्री निर्भय कुमार सेंगर ने** खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं तथा उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।

इसके बाद **श्री निर्भय कुमार सेंगर ने खिलाड़ियों एवं टीम का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया**। उन्होंने आयोजन समिति की ओर से टीम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का आयोजन उसी उत्साह और खेल भावना के साथ आगे बढ़ा।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ मुकाबले खेले। **समापन अवसर पर विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित** किया गया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

विजेता टीम को ट्रॉफी मिलने पर खिलाड़ियों एवं समर्थकों में खुशी का माहौल देखने को मिला। दर्शकों ने तालियों के साथ खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। आयोजकों ने सभी अतिथियों, **श्री निर्भय कुमार सेंगर, Planet News India की पूरी टीम, खिलाड़ियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त** करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं।

## इंजीनियर्स कॉलोनी में धूमधाम से मनाया गया 'इंजीनियर्स डे



**अलीगढ़। इंजीनियर कॉलोनी में 15 सितंबर को इंजीनियर्स डे** के अवसर पर **एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन** किया गया, जिसमें क्षेत्र के **अनेक इंजीनियरों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य लोगों ने** सहभागिता की। कार्यक्रम में **मानवेंद्र प्रताप सिंह, सदस्य उत्तर प्रदेश विधान परिषद (एमएलसी) भी** उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान कार्यक्रम के **मुख्य अतिथि एवं Planet News India** के **मुख्य संपादक श्री निर्भय कुमार सेंगर** तथा उनकी पूरी टीम को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

वहीं **Planet News India की टीम ने बच्चों का उत्साहवर्धन** करते हुए उन्हें मोमेंटो भेंट किए। टीम के सदस्यों ने बच्चों को शिक्षा के महत्व, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण तथा निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। मोमेंटो प्राप्त कर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने इंजीनियरों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के विकास में तकनीकी क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। युवाओं को नई तकनीकों एवं शिक्षा के अवसरों के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों, आयोजकों, इंजीनियरों, बच्चों एवं **Planet News India की टीम की मौजूदगी से समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण** बना रहा।











# मेरठ में 44 सील भवनों पर गरज रहा बुलडोजर:

## छह भवन किए ध्वस्त, कार्रवाई के चलते सेंट्रल मार्केट सील; पुलिस तैनात

मेरठ के शास्त्री नगर के सेंट्रल मार्केट में 44 सील भवनों को तोड़ने की कार्रवाई चल रही है। टीम ने छह भवनों को ध्वस्त कर दिया है। इस दौरान भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। पूरी सेंट्रल मार्केट और शास्त्री नगर को बैरिकेड लगाकर सील कर दिया गया है। इस वजह से बच्चे स्कूल भी नहीं जा पाए। पुलिस ने मीडिया की एंट्री की बैन कर दी है।मेरठ के शास्त्री नगर के सेंट्रल मार्केट में 44 सील भवनों को तोड़ने की तैयारी है। भारी फोर्स और बुलडोजर तैनात कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट में 21 सितंबर को मामले की सुनवाई होनी है। इससे पहले इन भवनों को उनके मूल स्वरूप में लाया जाना है। ओबीस ही व्यापारी इकट्ठा हैं। काफी संख्या में दुकानदार अपनी दुकानों से सामान निकाल रहे हैं।सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर परिषद ने आवासीय भवन में बने व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, स्कूल, अस्पताल, मिठाई की दुकान, ज्वैलरी के शोरूम, डेयरी, सैलून आदि को सील कर दिया था। 14 जुलाई को सर्वोच्च न्यायालय ने इन सभी 44 संपत्तियों को ध्वस्त करने के आदेश दिए। इसी के तहत परिषद की ओर से इन संपत्तियों का सर्वे किया गया था।




संपत्ति स्वामियों को नोटिस जारी कर 15 दिन में इनके ध्वस्तीकरण के निर्देश दिए गए हैं। ये मियाद बहुत पहले ही पूरी हो चुकी है। 21 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के चलते आवास एवं विकास परिषद को सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन करना है। ऐसे में बुधवार को सुबह से ही फोर्स तैनात कर बुलडोजर लगाए गए हैं और सील भवनों को तोड़ा जाएगा। सुबह नौ बजे टीम ने बुलडोजर कार्रवाई शुरू की और छह भवनों को ध्वस्त कर दिया है।

**स्कूल जाते बच्चों को भी पुलिस ने रोका**

पूरी सेंट्रल मार्केट और शास्त्री नगर को बैरिकेड लगाकर सील करने की वजह से बच्चे स्कूल भी नहीं जा पाए। उधर मीडिया कर्मियों को भी अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई ना ही कैमरा चलाने की इजाजत दी गई।

बता दें कि 21 सितंबर को सेंट्रल मार्केट के मुद्दे पर सुनवाई होनी है, जिसमें 44 सील भवनों पर ध्वस्तीकरण कार्रवाई की रिपोर्ट दाखिल करनी है। बुधवार को इन्हीं 44 भवनों में से 6 भवनों को ध्वस्त किया गया।

# मेरठ में 44 सील भवनों पर गरज रहा बुलडोजर:

## अदालत में सिया बोली- उसने बार-बार कार को पास लाकर डराया




गुरुग्राम की जिला अदालत में मजिस्ट्रेट के सामने बाइक राइडर सिया ने बयान दर्ज कराए। इस दौरान सिया ने बताया कि कार सवार आरोपी ने खिड़की से कमेंट किया। उसे नजरअंदाज किया तो आरोपी कार से पीछा करने लगा। सोमवार को गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर एक महिला बाइकर को कार सवार युवक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे में स्पोर्ट्स बाइक कई मीटर दूर तक घिसटती चली गई। टक्कर मारने के बाद कार चालक फरार हो गया था।गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर बाइक सवार युवती को टक्कर मारने के मामले में मंगलवार शाम जिला अदालत में मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराते समय सिया ने कहा मैंने यदि सुरक्षा किट नहीं पहनी होती तो शायद मैं बच न पाती। सिया ने नाम और पता बताते हुए खुद को प्रॉपर्टी डीलर बताया।सिया ने बताया कि रविवार को वह बाइक सवार दोस्तों के साथ गुरुग्राम में एक कैफे तक सवारी पर निकली थी। रास्ते में एक कार सवार आरोपी ने खिड़की से कमेंट किया। युवती ने उसे नजरअंदाज किया, लेकिन आरोपी कार से पीछा करने लगा। उसने बार-बार कार को मोटरसाइकिल के करीब लाकर डराया।सेक्टर-56 मेट्रो स्टेशन पार करते हुए आरोपी ने तेज रफ्तार से टक्कर मारी और भाग गया। उसने रुककर देखने की जहमत तक नहीं उठाई। मेरे दोस्त ने उसे रोकने का प्रयास किया तो भी आरोपी गाली देकर कार भगा ले गया।

**हम परेशान कर रहे थे तो पीछा क्यों किया**

हादसे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले में युवती ने अपनी बात रखी है। युवती ने कहा कि हादसे के बाद से घटना से जुड़े वीडियो लगातार सोशल मीडिया और इंस्टाग्राम पर चल रहे हैं। पीड़िता ने वीडियो में लगाए जा रहे कुछ आरोपों पर सवाल उठाते हुए अपना पक्ष रखा। युवती का कहना है कि कुछ लोग आरोप लगा रहे हैं कि बाइक को बार-बार तेज और धीमा किया जा रहा था। ऐसा कर दूसरे वाहन चालकों को परेशान किया जा रहा था। युवती ने कहा कि वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि कौन किसे परेशान कर रहा था। उसने यह भी सवाल उठाया कि अगर उन्हें लग रहा था कि बाइक की रफ्तार कभी तेज तो कभी धीमी की जा रही है, तो वे पूरे रास्ते उसका पीछा क्यों कर रहे थे। युवती ने दावा किया कि सामने से आई गाड़ी ने लेन बदलते हुए उसकी बाइक को टक्कर मारी, जिसके बाद वह सड़क पर गिरकर काफी दूर तक घिसटती चली गई।उसके मुताबिक घटना के दो वीडियो सामने आए हैं, जिनमें हादसे का घटनाक्रम दिखाई दे रहा है। युवती ने कहा कि अगर टक्कर के बाद कुछ सेकंड का अंतर भी होता तो उसे गंभीर चोट लग सकती थी। उसने सवाल उठाया कि हादसे के बाद वाहन चालक मौके पर क्यों नहीं रुका और यह देखने की कोशिश क्यों नहीं की कि घायल व्यक्ति की हालत कैसी है।

# दिल्ली: माचिस को लेकर हुआ झगड़ा।

## शराब की दुकान के बाहर दो युवकों पर चाकू से हमला, एक की मौत, दूसरा घायल




15 सितंबर को केशव पुरम पुलिस स्टेशन इलाके के कन्हैया नगर में माचिस को लेकर हुए झगड़े के बाद चाकू मारने की घटना सामने आई। दो लोगों पर चाकू से हमला किया गया। जिनमें से एक की मौत हो गई है। दिल्ली के केशव पुरम पुलिस स्टेशन अंतर्गत कन्हैया नगर इलाके में शराब की दुकान के पास माचिस को लेकर हुए विवाद में दो युवकों पर चाकू से हमला किया गया। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक, 15 सितंबर को केशव पुरम पुलिस स्टेशन इलाके के कन्हैया नगर में माचिस को लेकर हुए झगड़े के बाद चाकू मारने की घटना सामने आई। भवानी (30) नाम के व्यक्ति को अस्पताल लाने पर मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दूसरे घायल व्यक्ति, आशा राम (32) को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। बीएनएस की धारा 103(1)/109(1) के तहत FIR नंबर 321/2026 दर्ज की गई है। तीन लोगों को पकड़ा गया है और आगे की जांच जारी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ा है। मृतक के भाई रामचरण का कहना है, "वह टहलने निकले थे। तभी उन पर चाकू से हमला किया गया। उनकी हत्या कर दी गई। दो लोग थे और वे माचिस मांग रहे थे। जब उन्होंने माचिस नहीं दी, तो उन्होंने उन्हें चाकू मार दिया। वह दिहाड़ी मजदूर थे। यह घटना सबके सामने हुई, आस-पास इतने सारे लोग थे, फिर भी वे आरोपी को पकड़ नहीं पाए।"

# समाधान: किशाऊ परियोजना से मिलेगा

## हर दिन 30 करोड़ लीटर पानी, बुझेगी दिल्लीवालों की प्यास; किल्लत होगी कम

परियोजना के वित्तीय ढांचे में दिल्ली के लिए सबसे बड़ी राहत यह है कि जल घटक की 90 प्रतिशत लागत केंद्र सरकार वहन करेगी और शेष 10 प्रतिशत छह भागीदार राज्यों को उठाना होगा।दिल्ली में बढ़ती आबादी के बीच पानी की कमी में किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना से कुछ हद तक राहत मिल सकती है। छह राज्यों के बीच हुए समझौते के तहत दिल्ली को परियोजना से 109.9 मिलियन क्यूबिक मीटर (एमसीएम) यानी 30 करोड़ लीटर अतिरिक्त पानी मिलेगा। यानी लगभग 80 एमजीडी पानी प्रतिदिन प्राप्त होगा। इस हिसाब से मौजूदा 1250 एमजीडी मांग और 1000 एमजीडी आपूर्ति के बीच 250 एमजीडी की कमी में किशाऊ करीब 80 एमजीडी की भरपाई करेगा। लिहाजा यह परियोजना दिल्ली का करीब 32 प्रतिशत जलसंकट दूर करेगी। इससे पानी की आपूर्ति 1000 से बढ़कर करीब 1080 एमजीडी हो जाएगी और मांग-आपूर्ति का अंतर 250 से घटकर लगभग 170 एमजीडी रह जाएगा।दिल्ली के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के मुताबिक, 2.5 करोड़ की अनुमानित आबादी के लिए 50 गैलन प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मानक पर राजधानी में पेयजल मांग करीब 1250 एमजीडी है। इसके मुकाबले दिल्ली की जल उत्पादन क्षमता करीब 1000 एमजीडी के आसपास है यानी पानी की मांग व उत्पादन में करीब 250 एमजीडी का अंतर है। गर्मी के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है।




मई 2026 में कच्चे पानी की कमी के कारण दिल्ली की आपूर्ति करीब 900-950 एमजीडी तक गिर गई थी, जबकि मांग करीब 1250 एमजीडी थी। ऐसे समय में कमी 300 एमजीडी या उससे अधिक तक पहुंच जाती है।केंद्र सरकार की पहल पर हुए इस समझौते के तहत दिल्ली को पानी तत्काल मिलना शुरू नहीं होगा। इस समझौते ने लंबे समय से अटकी परियोजना के लिए अंतरराज्यीय सहमति का रास्ता खोला है। जून में छह राज्यों की सहमति के बाद परियोजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए आगे बढ़ाने की बात कही गई थी।

**प्रोजेक्ट पूरा होने में अभी वक्त**

किशाऊ परियोजना के पूरा होने में वक्त लगेगा। अभी यह निर्माण के शुरुआती चरण से पहले की मंजूरी प्रक्रिया में है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने का अनुमान 2033 तक बताया जा रहा है। ऐसे में अभी करीब सात साल दिल्ली को इस प्रोजेक्ट से पानी मिलने में लग सकते हैं।

**90 फीसदी खर्च करेगी केंद्र सरकार**

परियोजना के वित्तीय ढांचे में दिल्ली के लिए सबसे बड़ी राहत यह है कि जल घटक की 90 प्रतिशत लागत केंद्र सरकार वहन करेगी और शेष 10 प्रतिशत छह भागीदार राज्यों को उठाना होगा। किशाऊ की पिछली अनुमानित लागत करीब 11,550 करोड़ रुपये थी, जिसमें जल घटक की लागत लगभग 10,014 करोड़ रुपये और बिजली घटक करीब 1,536 करोड़ रुपये था। यह मार्च 2018 के मूल्य स्तर पर आधारित आंकड़ा है और अब परियोजना की लागत बढ़ चुकी है। दिल्ली किशाऊ परियोजना के लिए 8.1 करोड़ रुपये की बीज राशि जमा कर चुकी है।

# एक व्यक्ति की मौत और दूसरा घायल

## दिल्ली: कन्हैया नगर में शराब की दुकान के पास झगड़े में हो गई चाकूबाजी,



शुरुआती जांच से पता चला है कि सड़क पर चलते समय पीड़ितों की कुछ लोगों से बहस हुई थी, जिसके बाद उन पर चाकू से हमला किया गया।उत्तर-पश्चिम दिल्ली के कन्हैया नगर में शराब की दुकान के पास हुई बहस के बाद कथित तौर पर एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई और दूसरा घायल हो गया। मृतक की पहचान भवानी प्रसाद के रूप में हुई, जबकि घायल व्यक्ति की पहचान उत्तर प्रदेश के रहने वाले आसाराम के तौर पर की गई। पुलिस ने बताया कि उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों व्यक्तियों को सड़क पर घायल अवस्था में पाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आस-पास मौजूद लोगों के मदद के लिए आगे न आने पर (पुलिस) कर्मचारियों ने एक ऑटो-रिक्शा रोका और दोनों व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाया।डॉक्टरों ने प्रसाद को मृत घोषित कर दिया, जबकि आसाराम को इलाज के लिए भर्ती किया गया। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि सड़क पर चलते समय पीड़ितों की कुछ लोगों से बहस हुई थी, जिसके बाद उन पर चाकू से हमला किया गया। झगड़े की असल वजह और हमले में शामिल लोगों की संख्या का अभी पता नहीं चल पाया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# पीएम मोदी के स्कूल साथी को मिली राहत

## भाजपा विधायक से जुड़ी कंपनी ने छोड़ा जमीन पर दावा




81 वर्षीय असगरअली वोहरा, जो पीएम मोदी के स्कूल साथी हैं। उन्होंने पिछले दिनों पीएम मोदी से मुलाकात की थी। अब उनको जमीन विवाद में बड़ी राहत मिली है। भाजपा विधायक से जुड़ी कंपनी ने जमीन पर अपना दावा छोड़ दिया है। आईए जानते हैं 1989 में खरीदी जमीन को लेकर क्या है पूरा विवाद?

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मीरा रोड में रहने वाले 81 साल के असगरअली वोहरा, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्कूल साथी होने का दावा करते हैं। उनको बड़ी राहत मिली है। प्रधानमंत्री से मिलने के कुछ ही दिनों बाद भाजपा विधायक से जुड़ी एक कंपनी ने जमीन के विवाद में उनके खिलाफ अपना दावा छोड़ दिया है।

### पीएम से क्या अपील की थी?

वोहरा के अनुसार, उन्होंने गुजरात के वडनगर में बीएन स्कूल में पीएम मोदी के साथ पढ़ाई की थी। उन्होंने 8 सितंबर को मोदी से मुलाकात की थी। इसके साथ ही पालघर जिले में जमीन के एक टुकड़े को लेकर चल रहे विवाद की सीबीआई से जांच कराने की अपील की थी।

### क्या है पूरा मामला?

इससे पहले, वोहरा ने कहा था कि यह मामला भयंदर ईस्ट के नवघर में 2,810 वर्ग मीटर के एक अहम प्लॉट से जुड़ा है, जिसे उन्होंने 1989 में खरीदा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि 2011 में दो कंपनियों स्वयं बिल्डर्स और सेवन इलेवन कंस्ट्रक्शन्स ने इस पर कब्जा कर लिया था। उन्होंने दावा किया था कि ये दोनों कंपनियां भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता से जुड़ी हैं। घटनाक्रम में एक बड़ा मोड़ तब आया जब सेवन इलेवन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने अब इस मामले में पूरी तरह से अपना दावा छोड़ दिया है।

सरकारी दस्तावेजों से पता चलता है कि कंपनी ने मीरा भयंदर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में टाउन प्लानिंग के असिस्टेंट डायरेक्टर को एक पत्र सौंपा, जिसमें उसने औपचारिक रूप से प्लॉट के लिए अपना 'कमेंसमेंट सर्टिफिकेट' (निर्माण शुरू करने का प्रमाण-पत्र) सरेंडर कर दिया।

### कंपनी ने क्या कहा?

कंपनी ने कहा कि उसने 13 जून, 2019 को एक रजिस्टर्ड डीड के जरिए प्लॉट खरीदा था।17 अप्रैल, 2026 को निर्माण की अनुमति हासिल की थी, लेकिन मालिकाना हक को लेकर चल रहे विवाद के कारण वह परमिट वापस कर रही है। अपने पत्र में, डेवलपर ने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन से अनुरोध किया कि वह अनुमति रद्द कर दे और उस जगह पर अपने प्रोजेक्ट के लिए पहले जमा की गई सभी फीस वापस कर दे।

### पुलिस शिकायत को वापस लने की तैयारी?

कंपनी ने जमीन के मालिक के खिलाफ खड़ी की गई कानूनी अड़चनों को भी हटाने की दिशा में कदम उठाए हैं। सूत्रों के अनुसार, नरेंद्र मेहता ने वोहरा के सहयोगी अजय ढोखा के जरिए संपर्क किया ताकि 2015 की उस पुलिस शिकायत को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की जा सके, जिसमें वोहरा और ढोखा दोनों पर आपराधिक रूप से जमीन पर घुसने और डराने-धमकाने का आरोप लगाया गया था। 16 सितंबर को होने वाली अहम म्युनिसिपल सुनवाई से ठीक पहले, पुलिस शिकायत वापस लेने और कंस्ट्रक्शन परमिट सरेंडर करने की पुष्टि करने वाले आधिकारिक पत्र संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए।

वोहरा ने कहा था कि उनकी जानकारी के बिना जाली दस्तावेज बनाकर धोखाधड़ी से प्लॉट को दो संस्थाओं के बीच बांट दिया गया था। 2015 में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिला।

80 से ज्यादा उम्र के वोहरा ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि प्रधानमंत्री के साथ बैठक के बाद यह मामला सुलझ जाएगा।

इस बैठक में उन्होंने सीबीआई से जांच की मांग की थी। उन्होंने कहा कि मामले में अब कार्रवाई शुरू हो गई है और म्युनिसिपल अधिकारियों ने 16 सितंबर को दोनों कंपनियों के मैनेजमेंट को स्पष्टीकरण के लिए बुलाया है। महाराष्ट्र के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर और शिवसेना के सीनियर नेता प्रताप सरनाईक ने तस्वीरें शेयर करते हुए भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री अपने स्कूल के साथी को न्याय दिलाएंगे।

# स्पंदन' के जरिए करीब आ रहे कुकी-नगा युवा




सीआरपीएफ के 'स्पंदन' कार्यक्रम की मदद से पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर में कुकी-नगा युवाओं के बीच नजदीकियां बढ़ रही हैं। खेल के जरिए भरोसा बहाल करने की पहल की गई है। हिंसा से प्रभावित कांगपोकपी में कबड्डी, साइकिलिंग और मैराथन के बहाने दोनों समुदाय एक मंच पर आए।युवाओं के साथ ग्रामीणों को भी जोड़ने की कोशिश की जा रही है।

मणिपुर में लंबे समय से जारी हिंसा ने लोगों के बीच सिर्फ भौगोलिक नहीं, बल्कि सामाजिक दूरियां भी बढ़ाई हैं। ऐसे माहौल में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने इन दूरियों को कम करने के लिए खेल को माध्यम बनाया है। कांगपोकपी जिले में 'स्पंदन' पहल के तहत आयोजित कार्यक्रमों में कुकी और नगा समुदायों के युवा एक साथ जुटे। कबड्डी के मैदान से लेकर साइकिलिंग और मैराथन के रास्ते तक युवाओं ने साथ हिस्सा लिया। इस दौरान ग्रामीणों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की भागीदारी ने माहौल को और जीवंत बनाया।

**खेल के बहाने संवाद की शुरुआत**

सीआरपीएफ की 'स्पंदन' पहल का उद्देश्य खेल के जरिए शांति, विकास और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देना है। मणिपुर एवं नगालैंड सेक्टर के आईजीपी के मार्गदर्शन में सीआरपीएफ की विभिन्न बटालियनों ने भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के सहयोग से याइकांगपाओ, मोटबुंग और मकुई में खेल आयोजन किए। संघर्ष से प्रभावित इलाके में इन आयोजनों का महत्व केवल प्रतियोगिता तक

सीमित नहीं रहा। अलग-अलग समुदायों के युवाओं को एक साझा गतिविधि में शामिल होने का अवसर मिला। मैदान के किनारे खड़े ग्रामीण खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते नजर आए।

**कबड्डी में आठ टीमों ने लिया हिस्सा**

याइकांगपाओ में 112वीं बटालियन ने पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता कराई। इसमें आठ टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल में लोअर थांगम्बा ने याइकांगपाओ को हराकर खिताब जीता, जबकि महिका की टीम तीसरे स्थान पर रही। विजेता टीम को 10 हजार, उपविजेता को सात हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को चार हजार रुपये का नकद पुरस्कार मिला। तीनों टीमों को पदक और प्रमाणपत्र भी दिए गए। मोटबुंग में सी/112 बटालियन ने 10 किलोमीटर साइकिलिंग प्रतियोगिता आयोजित की। लम्तिनलाल सिंगसिट ने 28 मिनट 10 सेकंड में पहला स्थान हासिल किया। थांगगौमांग हाओकिप दूसरे और लैमगिनलेन वैफेई तीसरे स्थान पर रहे। खास बात


**मैराथन में भी युवाओं का उत्साह**

मकुई गांव में ए/67 बटालियन ने 10 किलोमीटर मैराथन कराई। आसपास के गांवों के युवाओं और ग्रामीणों ने इसमें उत्साह से भाग लिया। गॉस्पेल चावांगतिंगदुइमै ने 36 मिनट 12 सेकंड में दौड़ पूरी कर पहला स्थान हासिल किया। चूंचंबौ विजुनामाई और रॉबर्ट निखानामाई क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए गए।

**मैदान में पहचान बनी खिलाड़ी की**

सीआरपीएफ अधिकारियों के मुताबिक, 'स्पंदन' के जरिए युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के साथ समुदायों के बीच संपर्क बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। ए/67 बटालियन के प्रभारी सहायक कमांडेंट विक्रम ने भी खेल को युवाओं के व्यक्तित्व और सकारात्मक सोच के विकास का माध्यम बताया। कांगपोकपी जैसे संघर्ष प्रभावित जिले में इस पहल की तस्वीर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां सामान्य जिंदगी अब भी कई चुनौतियों से गुजर रही है। खेल किसी पुराने जख्म को एक दिन में नहीं भर सकता, लेकिन एक-दूसरे से मिलने और साथ खड़े होने का अवसर जरूर दे सकता है।

# अस्पतालों के बिल में मरीजों से कितनी वसूली?: 11 रुपये का आईवी सेट 325 में




अस्पतालों के भारी बिल में मेडिकल सामान की कीमतों को लेकर आईएएस अधिकारी तुकाराम मुंढे ने सवाल उठाए हैं। सर्वे में कुछ सामान की खरीद कीमत और एमआरपी में कई गुना अंतर सामने आया। तुकाराम मुंढे ने क्या कहा? पढ़िए रिपोर्ट

अस्पताल में भर्ती मरीज के लिए इलाज जरूरी है, इसके लिए उससे भारी भरकम बिल थमा दिया जाता है। लेकिन, मरीज को उसके इलाज में इस्तेमाल बहुत सारी चीजों की कीमत तय किए जाने का पूरा हिसाब नहीं दिया जाता। महाराष्ट्र में फूड सेफ्टी को लेकर अपने कड़े रुख से चर्चा में आईएएस अधिकारी तुकाराम मुंढे ने अब अस्पताल के बेहिसाब बिल पर सवाल उठाया है।

मुंढे ने सोशल मीडिया पोस्ट में राज्य में अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाले मेडिकल कंज्यूमेबल्स के एक सर्वे का हवाला देते
हुए सवाल उठाया है। सर्वे में कुछ जरूरी मेडिकल सामान की खरीद कीमत और उसकी एमआरपी के बीच कई गुना का अंतर सामने आया। मसलन, एक आईवी इन्फ्यूजन सेट 11.05 रुपये में खरीदा गया, लेकिन उसकी एमआरपी 325 रुपये थी। यानी ट्रेड कीमत के मुकाबले करीब 2,841 प्रतिशत का अंतर। इसी तरह 6.75 रुपये की सिरिंज पर 57.20 रुपये और 29.41 रुपये के कैथेटर पर 310 रुपये वसूले जा रहे थे।

इन उत्पादों के लिए मरीज के पास कोई विकल्प भी नहीं
मामला इसलिए गंभीर है क्योंकि ये ऐसे उत्पाद नहीं हैं जिन्हें मरीज अपनी इच्छा से खरीदता है। अस्पताल में भर्ती व्यक्ति के पास न तो अलग-अलग दुकानों पर जाकर कीमत पता करने का विकल्प होता है और न ही इलाज के बीच इस्तेमाल होने वाली जरूरी सामग्री पर मोलभाव करने की गुंजाइश। उसे जो बिल दिया जाता है, उसका भुगतान करना ही पड़ता है। मुंढे ने सवाल को सिर्फ महंगी मेडिकल सामग्री तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे मरीज के सूचना के अधिकार से जोड़ा है।

## रिपोर्ट: अनुभवी इंजीनियरों को तरजीह दे रहीं कंपनियां, फ्रेशर्स के सामने रोजगार का संकट



जॉब एंड टैलेंट्स प्लेटफॉर्म की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनियां अनुभवी इंजीनियरों को अधिक प्राथमिकता दे रही हैं। 4 से 10 साल के अनुभव वाले इंजीनियर सक्रिय उम्मीदवारों के कुल पूल का 42 फीसदी हिस्सा हैं, लेकिन कुल इंजीनियरिंग नौकरियों में उनकी हिस्सेदारी 54 फीसदी है। वहीं, 15 साल से अधिक अनुभव वाले वर्ग में उम्मीदवार और नौकरी का अनुपात 9.5 से घटकर 4.1 रह जाता है। अगस्त 2026 के अनुमान के अनुसार, देश में इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि की आवश्यकता वाली 6,68,000 नौकरियों के मुकाबले 39.59 लाख सक्रिय उम्मीदवार हैं। प्रत्येक पद के लिए औसतन 5.9 उम्मीदवार उपलब्ध हैं। ऑटोमोबाइल में प्रति पद लगभग 1.2 उम्मीदवार हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स में यह संख्या 11.5 तक है। शहरों के हिसाब से बंगलूरू देश का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग भर्तियों का केंद्र (हायरिंग हब) बना हुआ है। कुल अवसरों में बंगलूरू की हिस्सेदारी 19 फीसदी (लगभग 1,27,000 नौकरियां) है। इसके बाद दिल्ली-एनसीआर 13 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर है।वहीं, हैदराबाद में 12फीसदी, पुणे में 10 फीसदी, चेन्नई में 9 फीसदी और मुंबई में 8 फीसदी इंजीनियरिंग नौकरियां उपलब्ध हैं।

कंपनियां रोजगार के लिए अनुभवी इंजीनियरों को तरजीह दे रहीं हैं। फ्रेशर्स के सामने रोजगार का संकट पैदा होने लगा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कुल पेशेवरों का 45% हिस्सा होने के बावजूद नौकरियों में फ्रेशर्स की हिस्सेदारी मात्र 28% है। 9.5 फ्रेशर्स एक नौकरी के लिए कतार में हैं।देश के इंजीनियरिंग बाजार में प्रतिभा और मांग के बीच बड़ा असंतुलन देखने को मिल रहा है। फाउंडिट की एक रिपोर्ट के अनुसार, शून्य से तीन साल के अनुभव वाले इंजीनियर (फ्रेशर्स) कुल पेशेवर उम्मीदवारों का 45 फीसदी हिस्सा हैं, लेकिन नौकरियों में उनकी हिस्सेदारी मात्र 28 फीसदी है। इस असंतुलन के चलते शून्य से 3 साल के अनुभव वाले स्तर पर प्रत्येक नौकरी के लिए 9.5 उम्मीदवार कतार में हैं। इसके विपरीत, तीन साल से अधिक अनुभव वाले सभी वर्गों में यह अनुपात घटकर प्रति पद केवल चार से पांच उम्मीदवारों का रह जाता है।

**कंप्यूटर साइंस/आईटी सबसे बड़ा टैलेंट पूल**

इंजीनियरिंग शाखाओं में स्पेशलाइजेशन की बात करें तो कंप्यूटर साइंस/आईटी सबसे बड़ा टैलेंट पूल होने के बावजूद समग्र बाजार औसत के करीब है, जहां प्रति पद 5.8 उम्मीदवार हैं। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन/टेलीकॉम में प्रति अवसर 10.9 और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन में 11.5 उम्मीदवार हैं।

## बिजनेस वर्ल्ड: दर्द के इंजेक्शन की कीमत में ब्रांडों के बीच आठ गुना अंतर; प्याज के दाम में अगले हफ्ते से नरमी

दर्द और सूजन से राहत देने वाले डाइक्लोफेनाक 75 मिलीग्राम इंजेक्शन की कीमत अलग-अलग ब्रांड में करीब आठ गुना तक अलग है। एनपीपीए की वर्कशीट के मुताबिक एक मिलीलीटर इंजेक्शन की कीमत 3.85 रुपये से 31.11 रुपये तक है। एनपीपीए ने बाजार आंकड़ों के आधार पर 44 ब्रांडों की कीमतों का विश्लेषण किया है। वर्कशीट में सबसे कम कीमत 3.85 रुपये और सबसे ज्यादा 31.11 रुपये प्रति मिलीलीटर दर्ज है। औसत कीमत 25.48 रुपये रही।

ऊंची कीमतों से सोना आयात 57.7% घटा

ऊंची कीमतों और कस्टम ड्यूटी बढ़ने से अगस्त में देश का सोना आयात सालाना आधार पर 57.7% घटकर 2.3 अरब डॉलर रह गया। मंगलवार को दिल्ली में सोना 1,000 रुपये सस्ता होकर 5 हफ्ते के निचले स्तर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।रैपिडो को देना होगा 10 लाख रुपये जुर्माना

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने राइड-हेलिंग मंच रैपिडो पर10 लाख रुपये का जुर्माना ठोका है। यह कार्रवाई गुमराह करने वाले विज्ञापनों, कारोबार के गलत तौर-तरीकों, अनुचित सेवा शर्तों और डार्क पैटर्न के इस्तेमाल के लिए की गई है। उपभोक्ता निगरानी संस्था ने अपने फैसले में कहा, रैपिडो का संचालन करने वाली रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लि. बुकिंग करने वाले राइडर्स को राइड कन्फर्म होने से पहले ज्यादा पैसे देने के लिए उकसाती थी।





**प्याज की कीमतों में राहत अगले सप्ताह से**

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा है कि प्याज की फुटकर कीमतों में गिरावट अगले सप्ताह से दिखने लगेगी। मूल्य स्थिरीकरण कोष के तहत, उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा 35 रुपये प्रति किलो की दर से प्याज बेचा जा रहा है। इसके बाद भी दिल्ली-एनसीआर में कीमत 50 से 70 रुपये प्रति किलो बनी हुई है। महाराष्ट्र के साथ पूरे देश में प्याज की मंडी कीमतों में नरमी आई है। 2 सितंबर को भाव 3,721 रुपये क्विंटल था, जो 11 सितंबर को घटकर 3,383 रुपये क्विंटल हो गया। थोक भाव में 9.1 फीसदी की गिरावट देखी गई।

**एनएसई आईपीओ : बड़े निवेशकों से भारी मांग**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के 22,569 करोड़ के आईपीओ को संस्थागत निवेशकों से जोरदार प्रतिक्रिया मिल रही है। एनएसई के एमडी व सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा, एंकर निवेशकों की मांग अनुमान से काफी अधिक रही है। गोल्डमैन सैश एसेट मैनेजमेंट, फ्रैंकलिन टेम्पलटन, फिडेलिटी इंटरनेशनल, नॉर्गेस बैंक, अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी और सिंगापुर जीआईसी जैसे वैश्विक निवेशक एंकर बुक में हिस्सा लेने में रुचि दिखा रहे हैं। यह आईपीओ आम निवेशकों के लिए 17 से 21 सितंबर तक खुलेगा। यह पूरी तरह ओएफएस है। कंपनी को सीधे कोई पूंजी नहीं मिलेगी।

## डिजिटल पेमेंट: सरकार का बड़ा एलान- ₹2000 तक के यूपीआई भुगतान पर कोई शुल्क नहीं लगेगा; किन यूजर्स को फायदा?




**किस कानून के तहत फैसला लिया गया?**

अधिसूचना में कहा गया है कि कोई भी बैंक या भुगतान प्रणाली संचालक इन माध्यमों से भुगतान करने या प्राप्त करने वाले व्यक्ति से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी प्रकार का शुल्क नहीं वसूल सकता। सरकार ने यह फैसला पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट, 2007 के तहत अधिकारों का उपयोग करते हुए लिया है।

**यूपीआई लेनदेन पर शुल्क नहीं, सरकार ने दूर किया भ्रम**

वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य यूपीआई लेनदेन पर लगने वाले संभावित शुल्कों को लेकर बनी भ्रम की स्थिति को दूर करना है। पिछले महीने भी केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया था कि आम उपभोक्ताओं के लिए यूपीआई के माध्यम से किए जाने वाले व्यक्ति-से-व्यक्ति (पी2पी) भुगतान पूरी तरह मुफ्त रहेंगे।




डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने की पहल के तहत सरकार ने बड़ा एलान किया है। वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक 2,000 रुपये तक के यूपीआई भुगतान पर कोई शुल्क नहीं लगेगा।केंद्र सरकार ने सोमवार को स्पष्ट किया कि 2,000 रुपए तक के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन पर बैंक किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लगा सकेंगे। इसी तरह, रुपे डेबिट कार्ड के जरिए 2,000 रुपए तक किए गए भुगतान पर भी कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी राजपत्र (गजट) अधिसूचना के अनुसार, रुपे डेबिट कार्ड और 2,000 रुपए तक के यूपीआई लेनदेन को आधिकारिक रूप से 'इलेक्ट्रॉनिक भुगतान माध्यम' के रूप में अधिसूचित किया गया है।गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने शुल्क नहीं लेने का फैसला लेते हुए कहा था कि व्यापारियों (मर्चेंट्स) पर भी कोई व्यापक रूप से लागू होने वाला मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) नहीं लगाया जाएगा। वित्त मंत्रालय के अनुसार, यदि भविष्य में एमडीआर लागू किया भी जाता है, तो वह केवल कुछ विशेष श्रेणी के व्यापारी लेनदेन पर, एक निश्चित सीमा से अधिक राशि वाले भुगतानों पर और बेहद मामूली दर पर ही लागू होगा।डेबिट कार्ड से किए गए भुगतान पर ग्राहकों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## एक्सपोर्ट-इंपोर्ट: भारत का निर्यात 43.81 अरब डॉलर पार, व्यापार घाटा घटा; जानिए सोने के आयात पर क्या है अपडेट

अगस्त 2026 में भारत का निर्यात 26.12 फीसदी बढ़कर 43.81 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि व्यापार घाटा 26.86 अरब अमेरिकी डॉलर पर सिमट गया। जानें इन आंकड़ों का अर्थव्यवस्था और आम आदमी पर क्या असर होगा।भारत के लिए आर्थिक मोर्चे पर अच्छी खबर है। अगस्त 2026 में देश का निर्यात 26.12 फीसदी बढ़कर 43.81 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इसी अवधि में व्यापार घाटा भी कम होकर 26.86 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यह पिछले साल अगस्त के 27.2 अरब अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक सकारात्मक संकेत है।वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि अगस्त में आयात भी करीब 14.1 फीसदी बढ़कर 70.76 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। पिछले साल अगस्त में यह 61.96 अरब अमेरिकी डॉलर था। चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-अगस्त) के दौरान निर्यात 17.85 फीसदी की वृद्धि के साथ 215.91 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इसी अवधि में आयात 18.21 फीसदी बढ़कर 363 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है।

**इन आंकड़ों का आम आदमी पर क्या असर होगा?**

बढ़ते निर्यात और घटता व्यापार घाटा देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे संकेत हैं। निर्यात बढ़ने से घरेलू उद्योगों को फायदा होता है। इससे उत्पादन बढ़ता है और नए रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। यह देश की आर्थिक वृद्धि को गति देता है।




**निर्यात में इतनी वृद्धि क्यों हुई?**

अगस्त में निर्यात में मजबूत वृद्धि देखी गई है। वाणिज्य सचिव के अनुसार, इंजीनियरिंग, पेट्रोलियम उत्पाद, रसायन और कपड़ा जैसे कई क्षेत्रों ने इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन क्षेत्रों में उत्पादन और मांग बढ़ने से निर्यात को गति मिली है। भारत के उत्पादों की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी है।भारत के निर्यात को अमेरिका, ईयू, ब्रिक्स देशों और अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं से अच्छी मांग मिली है। यह दर्शाता है कि भारतीय उत्पादों की वैश्विक स्वीकार्यता बढ़ रही है। विभिन्न देशों के साथ व्यापार संबंधों में मजबूती भी इस वृद्धि का एक कारण है। यह सकारात्मक गति आगे भी जारी रहने की उम्मीद है।व्यापार घाटा तब होता है जब किसी देश का आयात उसके निर्यात से अधिक हो जाता है। अगस्त 2026 में भारत का व्यापार घाटा 26.86 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो अगस्त 2025 के 27.2 अरब अमेरिकी डॉलर से कम है। यह कमी मुख्य रूप से निर्यात में मजबूत वृद्धि और सोने के आयात में भारी गिरावट के कारण हुई है।अगस्त में सोने का आयात 57.7 फीसदी घटकर 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। अगस्त 2025 में यह 5.4 अरब अमेरिकी डॉलर था। सोने के आयात में यह बड़ी गिरावट व्यापार घाटे को कम करने में सहायक रही है। निर्यात में आयात के मुकाबले अधिक वृद्धि ने भी घाटे को नियंत्रित करने में मदद की है।

कम व्यापार घाटा देश की विदेशी मुद्रा भंडार की स्थिति को मजबूत करता है। यह रुपये को स्थिरता प्रदान करने में भी सहायक होता है। सोने के आयात में कमी से देश कीमती विदेशी मुद्रा बचा पाता है। कुल मिलाकर, ये आंकड़े एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था की ओर इशारा करते हैं, जिसका लाभ अंततः आम नागरिक को मिलता है।

## Gold Silver Price: दिल्ली में सोना 1000 रुपये टूटा, पांच सप्ताह के निचले स्तर पर भाव; जानिए चांदी की कीमतें




गांधी ने आगे कहा कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने और ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि से यह गिरावट आई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया है। इससे फेडरल रिजर्व की इस सप्ताह की नीति बैठक में ब्याज दर में वृद्धि की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड की कमोडिटीज और करेंसी की रिसर्च एनालिस्ट वेदिका नार्वेकर के अनुसार, घरेलू बाजार में सोना पांच सप्ताह के निचले स्तर पर है। इस महीने सोने के दाम 3 फीसदी से अधिक गिर चुके हैं।गांधी ने आगे कहा कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने और ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि से यह गिरावट आई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया है। इससे फेडरल रिजर्व की इस सप्ताह की नीति बैठक में ब्याज दर में वृद्धि की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड की कमोडिटीज और करेंसी की रिसर्च एनालिस्ट वेदिका नार्वेकर के अनुसार, घरेलू बाजार में सोना पांच सप्ताह के निचले स्तर पर है। इस महीने सोने के दाम 3 फीसदी से अधिक गिर चुके हैं।बाजार के भागीदार अब फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में वृद्धि की 92 फीसदी संभावना मान रहे हैं। यह जुलाई 2023 के बाद पहली ब्याज दर वृद्धि होगी।

दिल्ली में सोने की कीमतों में 1,000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई, जो पांच सप्ताह का निचला स्तर है। मजबूत अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में वृद्धि की आशंका ने सोने पर दबाव बढ़ाया। चांदी के दाम स्थिर रहे।दिल्ली में मंगलवार को सोने की कीमतों में 1,000 रुपये की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट वैश्विक कमजोर रुझानों और मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण हुई। इसके साथ ही सोना पांच सप्ताह के निचले स्तर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले 7 अगस्त को भी सोने के दाम इसी स्तर पर थे।स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमतें लगातार दूसरे दिन 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया कि वैश्विक संकेतों की कमजोरी के कारण मंगलवार को सोने में गिरावट आई। स्पॉट गोल्ड 4,300 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से नीचे फिसल गया। यह एक महीने के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा था। साथ सोने पर दबाव बने रहने की उम्मीद है। विदेशी बाजारों में स्पॉट गोल्ड 22.28 अमेरिकी डॉलर यानी 0.52 फीसदी गिरकर 4,276.52 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

## द बोनस मार्केट अपडेट: वैश्विक दबाव के बावजूद भारतीय शेयर बाजार में उछाल; सेंसेक्स 75000 के पार पहुंचा

15 सितंबर, 2026 को भारतीय शेयर बाजार ने वैश्विक चुनौतियों के बावजूद मजबूत बढ़त दर्ज की। सेंसेक्स 200 अंक से अधिक चढ़ा, निफ्टी 23,450 के ऊपर रहा और आईटी सूचकांक में 3 फीसदी से अधिक की तेजी आई। जानें शुक्रवार, 11 सितंबर के बाजार का हाल और वैश्विक बाजारों का प्रदर्शन। मंगलवार यानी 15 सितंबर, 2026 को भारतीय शेयर बाजार ने शानदार बढ़त दर्ज की। वैश्विक स्तर पर बढ़ते बॉन्ड प्रतिफल और कच्चे तेल के दामों ने निवेशकों को चिंतित किया। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में करीब 0.8 फीसदी की तेजी आई। सूचना प्रौद्योगिकी सूचकांक में 3 फीसदी से अधिक का उछाल देखा गया।

भारतीय शेयर बाजार ने शुक्रवार, 11 सितंबर, 2026 को गैप-डाउन शुरुआत के बाद तेज वापसी की थी। सूचकांक के दिग्गज शेयरों में चुनिंदा खरीदारी से शुरुआती नुकसान की भरपाई हुई। हालांकि, यह उछाल सीमित दायरे में रहा। मानक सूचकांक मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए। बैंक निफ्टी में मामूली बढ़त दर्ज की गई थी। वैश्विक बाजारों में भी मिला-जुला प्रदर्शन देखने को मिला।




**भारतीय बाजार ने कैसे दिखाया दम?**

मंगलवार को सेंसेक्स 200 अंक से अधिक चढ़कर 75,005.46 पर पहुंच गया। निफ्टी भी 23,450 के स्तर को पार कर 23,450.85 पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर बॉन्ड प्रतिफल और कच्चे तेल के दाम बढ़ रहे थे। इसके बावजूद भारतीय बाजारों ने इन चुनौतियों को पार करते हुए बढ़त हासिल की। सूचना प्रौद्योगिकी सूचकांक में 3 फीसदी से अधिक की जोरदार तेजी दर्ज की गई।

**शुक्रवार को क्या रहा बाजार का हाल?**

इससे पहले 11 सितंबर, 2026 को बाजार की शुरुआत गैप-डाउन के साथ हुई थी। हालांकि, भारतीय शेयरों ने इसके बाद तेज वापसी की। सूचकांक के दिग्गज शेयरों में चुनिंदा खरीदारी ने शुरुआती नुकसान को कम करने में मदद की। यह वापसी बहुत व्यापक नहीं थी। मानक सूचकांक अंततः मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए। बैंक निफ्टी ने मामूली बढ़त के साथ कारोबार समाप्त किया।

## गणपति विसर्जन: अंबानी परिवार ने धूमधाम से दी बप्पा को विदाई



Ambani Family Bids Farewell To Bappa: गणेश चतुर्थी पर अंबानी परिवार ने एंटीलिया में बप्पा का स्वागत किया था। भव्य स्तर पर उत्सव का आयोजन हुआ, जहां फिल्मी हस्तियां भी पहुंचीं। बीते दिन गणपति का विसर्जन भी धूमधाम से किया गया। अंबानी परिवार ने गणेश चतुर्थी पर अपने यहां बप्पा बिठाए थे। धूमधाम से आयोजन हुआ था। कल मुंबई में भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन हुआ। बप्पा को विदाई भी भव्य तरीके से दी गई। रंग-गुलाल उड़ाते हुए डांस किया गया। विसर्जन के दौरान अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट ने जमकर डांस किया।

**अंबानी परिवार ने धूमधाम से दी बप्पा को विदाई**

गणपति विसर्जन में नीता अंबानी, राधिका मर्चेंट, अनंत समेत अंबानी परिवार के सदस्य शामिल रहे। बुधवार देर रात अंबानी परिवार के सदस्य गणेश चतुर्थी के लिए अपने घर लाई गई भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन समारोह में शामिल होने के लिए बाहर निकले।

**अनंत राधिका ने किया डांस**

बप्पा को विदाई देते हुए अनंत और राधिका ने पूरे उल्लास और उत्साह के साथ डांस किया। जब मूर्ति को विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था, तो नीता अंबानी से लेकर राधिका तक सभी सदस्य सभी पूरी श्रद्धा और भक्ति में लीन दिखे। अंबानी परिवार के गणपति विसर्जन उत्सव में कई सेलेब्स भी शामिल हुए। इन्फ्लुएंसर ओरी को भी स्पॉट किया गया।

## निक जोनस @34: ब्यूटी पार्लर में मां ने पहचाना हुनर

### फैन बनकर प्रियंका से मिले कैसे मिला 'नेशनल जीजू' का टैग?




Nick Jonas Birthday: अमेरिकी सिंगर सॉन्ग राइटर और म्यूजिशियन निक जोनस आज अपना 34वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर जानिए 14 की उम्र में पहली गर्लफ्रेंड बनाने से लेकर मालती के पिता बनने तक कैसा रहा निक का सफर

सिंगर निक जोनस के दुनियाभर में करोड़ों फैंस हैं। मगर कुछ साल पहले तक निक को भारत में कम ही लोग जानते थे। हालांकि, अब विदेशों के साथ-साथ भारत में भी सिंगर के ढेरों फैंस हैं। वजह सिर्फ एक- प्रियंका चोपड़ा। इसमें कोई दोहराय नहीं कि निक के बारे में इंडियन यूजर्स ने तब जानना शुरू किया, जब प्रियंका ने उनसे शादी की पर आज यहां निक के म्यूजिक और उनके गानों के भी कई फैंस हैं। आज निक जोनस के 34वें जन्मदिन पर पढ़िए निक के जीवन के अब तक के सफर से जुड़ी 10 खास बातें 16 सितंबर 1992 में निक का जन्म निकोलस जेरी जोनस के रूप में अमेरिका में हुआ था। उनके पिता पॉल केविन जोनस पेशे से एक म्यूजिशियन थे। इसके साथ ही वह चर्च में गाते थे। निक की मां डेनिस मिलर जोनस साइन लैंग्वेज टीचर और सिंगर थीं। निक के अलावा इस परिवारे में निक के दो भाई जोए और केविन और एक छोटा भाई फ्रैंकी भी थे।

निक जोनस को बचपन से ही घर पर संगीतमय माहौल मिल रहा था। माता-पिता को गाते देख उनमें काफी कम उम्र से सुरों का समझ आ गई थी। छह साल की उम्र में निक की मां डेनिस ने ब्यूटी पॉर्लर में निक को गाते सुना। इसके बाद उन्होंने बेटे की इस कला को दर्शकों तक पहुंचाने का निश्चय किया। साल 2005 में निक जोनस, जोए और केविन के साथ मिलकर अपना बैंड बनाया। तीन साल बाद 2008 में इस बैंड के गाने 'इट्स अबाउट टाइम', 'जोनस ब्रदर्स' और 'हैप्पिनेस बिगेन्स' हिट एल्बम रिलीज हुए। बैंड को बेस्ट न्यू आर्टिस्ट का ग्रैमी अवॉर्ड नॉमिनेशन मिला।

चौदह साल की उम्र में डेटिंग

- 2006 में निक जोनस ने 'हैना मैंटेना' नाम के शो में एक्टिंग की। इसी दौरान वो एक्ट्रेस माइली सायरल से मिले। 14 साल की उम्र में निक को उनसे प्यार हो गया।
- 2008 में सेलिना गोमेज को एक शो के दौरान मिले थे। इसके बाद दोनों ने डेट करना शुरू किया। सेलिना एक म्यूजिक वीडियो में भी जोनस के साथ नजर आ चुकी हैं।
- 2021 में मॉडल डेल्टा गुडरेम को सिंगर ने डेट करना शुरू कर दिया। डेल्टा निक से उम्र मे 11 साल बड़ी थीं। यह रिश्ता 10 महीने चला और फिर खत्म हो गया।
- 2013 में ओलीविया कल्पो से निक की मुलाकात हुई। यह रिश्ता लगभग दो साल चला। मगर उसके बाद दोनों का ब्रेकअप हो गय
- **2016 में प्रियंका की हुई एंट्री**
- 2015 से 2016 तक निक पूरी तरह अकेले थे। इसके बाद उनके जीवन में प्रियंका चोपड़ा आईं। निक के भाई केविन जोनस ने निक को प्रियंका से बात करने की सलाह दी। निक ने प्रियंका को सोशल पर मैसेज भेजा और खुद को उनका फैन बताया। प्रियंका ने मैसेज का रिप्लाई दिया और इसके बाद प्रियंका और निक एक-दूसरे से 2017 में हुए मेट गाला में मिले। दोनों ने यहां रेड कार्पेट पर पहली बार साथ में पोज दिए।

## गणपति उत्सव: सलमान उतार रहे थे बप्पा की आरती

### बीच में क्यों टोकने लगीं बहन अर्पिता?भाईजान से हो गई थी ये गलती




Ganpati Pooja at Sohail Khan's House: सलमान खान के भाई सोहेल खान ने गणेश चतुर्थी पर अपने यहां बप्पा का स्वागत किया। बीते दिन गणपति का विसर्जन हुआ। इस दौरान सलमान खान भी पहुंचे। बप्पा की आरती करते हुए उनसे अनजाने में एक चूक हो गई। खान फैमिली में गणपित उत्सव खूब धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार भी सोहेल खान ने अपने यहां गणेश चतुर्थी पर बप्पा बिठाए। बीते दिन विसर्जन के साथ गणपति को विदाई दी गई। विसर्जन पूजा में सलमान खान भी शामिल हुए। परिवार के सदस्यों के साथ उन्होंने भगवान गणेश की पूजा की, लेकिन आरती उतारते हुए उनसे गलती हो गई। छोटी बहन अर्पिता ने तुरंत उन्हें ध्यान दिया।

**सलमान से हो गई गलती, अर्पिता ने दिलाया ध्यान**

सोहेल खान के घर आयोजित गणपति पूजा में अर्पिता अपने परिवार के साथ पहुंचीं। सलमान खान, सोहेल समेत खान फैमिली के अन्य सदस्य व कई और सेलेब्स भी थे। सलमान खान जब बप्पा की पूजा कर रहे थे इस दौरान वे आरती की थाली उल्टी दिशा में घुमा रहे थे। बहन अर्पिता का ध्यान इस तरफ गया और उन्होने तुरंत भाई को टोकते हुए सीधी दिशा में थाली घुमाने का इशारा किया।

**फैंस ने की अर्पिता की तारीफ**

सलमान खान का आरती उतारते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि अर्पिता खान बड़े भाई को उनकी गलती की तरफ ध्यान दिला रही हैं। इसके बाद सलमान खान ने तुरंत भूल सुधारी और मुस्कुरा उठे। पूजा करने के बाद वे भांजी आयत के पास गए और उन्हें आरती करने का तरीका समझाने लगे। इस वीडियो पर नेटिजंस के रिएक्शंस आ रहे हैं। अर्पिता ने जिस विनम्र तरीके से सलमान खान को उनकी अनजाने में हो रही गलती की तरफ ध्यान दिलाया, उसकी तारीफ हो रही है।

**यूलिया वंतूर भी आईं नजर**

सोहेल खान के घर आयोजित गणपति उत्सव में यूलिया वंतूर भी नजर आईं। उन्होंने भी पूजा और आरती में हिस्सा लिया। सोहेल खान के घर पूजा में हेलेन भी मौजूद रहीं। सलमान खान मां हेलेन से बाचतीत करते दिखे।

## दिशा पटानी: क्यों ट्रोल हुई अंबानी के गणपति उत्सव में पहुंची अभिनेत्री?



Disha patani trolled After Ambani Celebration: अंबानी परिवार के गणेश चतुर्थी में दिशा पटानी के आउटफिट की काफी आलोचना हो रही है। इसके साथ ही यूजर्स सोशल मीडिया पर इसे कृति सेनन के राखी एड विवाद से जोड़ रहे हैं। 14 सितंबर गणेश चतुर्थी को हर साल की तरह इस बार भी अंबानी परिवार ने गणेशोत्सव का आयोजन किया। इस समारोह में बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पटानी भीं पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने जो आउटफिट पहना था उसे लेकर सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दिशा पटानी गणेश चतुर्थी के अवसर पर अंबानी परिवार के गणपति उत्सव में पहुंची थीं।

इस दौरान उन्होंने लाल लहंगे और डीप नेकलाइन वाले ब्लाउज पहन रखा है।

यूजर्स कर रहे आलोचना

इस वीडियो के वायरल होने के बाद यूजर्स इस पर मिली- जुली प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'गणपति उत्सव के लिए ये किस तरह का भद्दा पहनावा है? उन्हें ड्रेस कोड रखना चाहिए।' वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, 'पहले कृति सैनन और अब दिशा पटानी - क्या उन्होंने जो ड्रेस पहनी है वह गणपति उत्सव के लिए उपयुक्त है?? इन बॉलीवुड अभिनेत्रियों को हिंदू त्योहारों की पवित्रता का जरा भी सम्मान नहीं है।' तीसरे यूजर ने लिखा, 'गणपति उत्सव में दिशा पटानी की उपस्थिति एक सीधा सा सवाल खड़ा करती है: क्या धार्मिक समारोहों में कोई बुनियादी ड्रेस कोड नहीं होना चाहिए? आप वहां गणपति दर्शन और भक्ति के लिए हैं, रैंप वॉक के लिए नहीं। मैं इस अवसर की पवित्रता का सम्मान करती हूं।'

कृति सेनन के राखी एड से हो रही तुलना

कृति सेनन ने बीते दिनों एक ज्वैलरी कंपनी के लिए रक्षाबंधन पर खास विज्ञापन शूट किया। कृति सेनन के इस विज्ञापन में दिखाया गया कि वह रक्षाबंधन का त्योहार मना रही हैं।इसमें वह अपने भाई को राखी बांधने के साथ ही अपने पालतू कुत्ते को भी राखी बांधती हैं। वहीं असल विवाद उस आउटफिट पर था जो कृति ने इस विज्ञापन में पहना। वो इसमें एक ब्रालेट पहने नजर आई। वीडियो के वायरल होने के बाद कृति को खूब ट्रोल किया गया। दिशा पटानी ने लहंगे के साथ बेहद डीप-नेक (प्लंगिंग नेकलाइन) वाला ब्लाउज पहना हुआ था। सोशल मीडिया यूजर्स का एक वर्ग इस बात से नाराज़ हो गया कि किसी धार्मिक और पवित्र अवसर पर इस तरह के वस्त्राभूषण पहनना उचित नहीं है। लोगों ने आरोप लगाया कि सेलिब्रिटीज धार्मिक आयोजनों को भी पब्लिसिटी या फैशन रैंप वॉक की तरह इस्तेमाल करते हैं।

## स्टिक के सहारे चलते दिखे जहीर इकबाल सोनाक्षी बोलीं-यह मैंने नहीं किया; यूजर्स ने कही ये बात



Sonakshi Sinha and Zaheer Iqbal: बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कपल भगवान गणेश के दर्शन करने पहुंचा है। वीडियो में जहीर स्टिक के सहारे चलते दिख रहे हैं। अब इस वीडियो पर कई लोग काफी मजेदार कमेंट कर रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अक्सर अपने फनी कंटेंट और एक दूसरे के साथ प्रैंक करने के चलते फैंस के बीच चर्चाओं में रहते हैं। दोनों अक्सर अपने वीडियोज पोस्ट कर फैंस को एंटरटेन करने का मौका नहीं छोड़ते। उनके इन वीडियोज पर फैंस भी जमकर प्यार बरसाते हैं। अब जानिए इस नए वीडियो में क्या खास है। दरअसल, सोनाक्षी और जहीर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कपल गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बप्पा का आशीर्वाद लेने पहुंचा है। इस दौरान जहीर पैर में चोट होने के चलते स्टिक के सहारे चलते दिखे। वहीं जब दोनों फोटो के लिए पोज देने खड़े होते हैं, तो सोनाक्षी मजाकिया अंदाज में जहीर की चोट पर इशारा करते हुए कहती हैं कि ये मैंने नहीं किया है। इसके बाद दोनों दर्शन करने के लिए आगे बढ़ जाते हैं।

**यूजर्स ने दिए मजेदार रिएक्शन**

अब दोनों का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। कई यूजर्स इस वीडियो पर काफी मजेदार कमेंट्स कर रहे हैं।

एक यूजर ने जहीर के चलने के तरीके को फिल्म 'वेलकम' से जोड़ कर कमेंट किया, 'मेरी एक टांग नकली हे में हॉकी का बहोत बड़ा खिलाड़ी था एक दिन उदय भाई को मेरी किसी बात पे गुस्सा आ गया और मेरी हॉकी से मेरे टाँग के दो टुकड़े कर दिए।' वहीं दूसरे ने मजाक में लिखा, 'सोनाक्षी ने टांग तोड़ी होगी...उसका बहुत मजाक उड़ाता है ये।

इसके अलावा कई यूजर्स ने जहीर की चोट पर चिंता जाहिर करते हुए इसकी वजह के बारे में पूछा। वहीं कुछ यूजर्स ने सोनाक्षी को उनके लुक के लिए तारीफ की। बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं।

# Aaj ka Rashifal 16 September

## सिंह, वृश्चिक और मकर राशि वालों को मिलेगा किस्मत का साथ, धन लाभ के साथ बढ़ेगा मान-सम्मान




16 सितंबर 2026 का राशिफल आपके दिन से जुड़े कई महत्वपूर्ण संकेत दे रहा है। जानिए आज का राशिफल और अपने प्रेम, करियर, धन व स्वास्थ्य से जुड़े जरूरी ज्योतिषीय संकेत।

**Aaj Ka Rashifal 16 September 2026:** आज 16 सितंबर 2026 का दिन ग्रहों और नक्षत्रों की स्थिति के लिहाज से कई राशियों के लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। हर राशि के जातकों के लिए दिन की परिस्थितियां अलग-अलग हो सकती हैं। किसी को करियर और कारोबार में नए अवसर मिल सकते हैं, तो किसी को आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत पड़ सकती है। वहीं प्रेम संबंधों, पारिवारिक जीवन और स्वास्थ्य के मामले में भी आज कुछ खास संकेत मिल सकते हैं।यहां जानिए आज आपके काम, नौकरी, व्यापार, धन, प्रेम, परिवार और स्वास्थ्य से जुड़े संभावित ज्योतिषीय संकेत। साथ ही जानें कि आज आपको किन मामलों में सफलता मिल सकती है

### मेष



आज का दिन आत्ममंथन और खुद को बेहतर बनाने का है। यदि लंबे समय से कोई नई कला, तकनीक या कौशल सीखने की इच्छा थी, तो आज उससे शुरुआत करना बेहद फायदेमंद रहेगा। दूर स्थान या विदेश से करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जो आपके भविष्य की दिशा बदल दे। कार्यस्थल पर आपकी मेहनत और लगन की सराहना होगी। हालांकि स्वास्थ्य के मामले में लापरवाही न करें और मौसमी परेशानियों से बचाव रखें। अनावश्यक खर्च बजट बिगाड़ सकते हैं। रिश्तेदारों से बातचीत में संयम रखें, क्योंकि छोटी वैचारिक असहमति विवाद का रूप ले सकती है। व्यापार में बड़े निवेश से बचना बेहतर रहेगा। आज किसी भी फैसले में जल्दबाजी न करें।

### वृषभ



आज आर्थिक मामलों में आपके लिए शानदार संभावनाएं बन रही हैं। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिल सकता है और अचानक आर्थिक लाभ के रास्ते खुल सकते हैं। करियर में आ रही रुकावटें दूर होंगी तथा वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। किसी पुराने काम को मित्रों की मदद से पूरा करने में सफलता मिल सकती है। व्यापार में मुनाफे के नए स्रोत खुलेंगे और स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। हालांकि सफलता मिलने पर अहंकार को खुद पर हावी न होने दें। सहकर्मियों और परिवार के साथ विनम्र व्यवहार बनाए रखना आज आपकी सबसे बड़ी ताकत होगी।

### मिथुन



आज का दिन आपके लिए मिले-जुले परिणाम लेकर आएगा। करियर में आगे बढ़ने के नए रास्ते खुल सकते हैं, लेकिन इसके लिए आलस्य छोड़कर पूरी मेहनत करनी होगी। अधूरे काम तेजी से पूरे होंगे। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी और पार्टनर के साथ आपका रिश्ता और मजबूत होगा। किसी जरूरी काम से अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती है। दूसरी ओर, बेवजह के विवाद और बहस से दूरी बनाए रखें, क्योंकि आपकी एक तीखी बात बड़ा विवाद खड़ा कर सकती है। व्यापार में आज सावधानी जरूरी है और पैसों के लेन-देन या उधार से बचना बेहतर रहेगा।

### कर्क



आज आपकी योजनाओं को सफलता मिलने के मजबूत संकेत हैं। जिस काम को लेकर आप काफी समय से प्रयास कर रहे थे, वह अब आगे बढ़ सकता है। कार्यस्थल पर भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी कार्यक्षमता व उत्पादकता में उल्लेखनीय सुधार होगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। व्यापार की स्थिति भी पहले से मजबूत होगी। हालांकि लंबी दूरी की यात्रा आज थकान और तनाव बढ़ा सकती है, इसलिए संभव हो तो इसे टालें। खान-पान को लेकर विशेष सावधानी रखें। आज सामने आने वाले अवसरों को पहचानकर उनका समय पर लाभ उठाना आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण रहेगा।

### सिंह



आज पारिवारिक जीवन में लंबे समय से चली आ रही खटास और तनाव कम होने के संकेत हैं। घर का माहौल पहले से अधिक शांत और सुखद रहेगा। संतान की ओर से कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। दूर रहने वाले मित्र या रिश्तेदार भी कोई अच्छी खबर दे सकते हैं। हालांकि आज नौकरी बदलने का फैसला लेने से बचें और वर्तमान स्थिति को समझदारी से संभालें। जल्दबाजी और गुस्सा आपके बनते हुए काम को बिगाड़ सकते हैं। व्यापार में खर्च बढ़ने से मुनाफा प्रभावित हो सकता है। आलस्य को हावी न होने दें और महत्वपूर्ण काम समय पर पूरा करें।

### कन्या



आज आपको अपने पुराने परिश्रम का सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। करियर में उन्नति और आगे बढ़ने के नए रास्ते खुलेंगे। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में बाहरी सलाह से अधिक अपनी समझ और अंतर्ज्ञान पर भरोसा करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। हालांकि भाई-बहनों के साथ किसी बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं, इसलिए शांत रहकर बात को संभालें। किसी व्यक्ति या परिस्थिति को लेकर बेवजह शक और नकारात्मक सोच से बचें। व्यापार में कोई डील फाइनल करने से पहले सभी दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें और जल्दबाजी बिल्कुल न करें। सकारात्मक सोच बनाए रखना आज आपके लिए बेहद जरूरी होगा।

### तुला



आज अचानक आर्थिक लाभ मिलने से आपकी कई चिंताएं दूर हो सकती हैं। व्यापार से जुड़े अटके हुए काम आसानी से पूरे होंगे और कोई नई डील भी आपके पक्ष में आ सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत करने का अवसर मिलेगा, लेकिन अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना बेहद जरूरी है। आज आपकी संतुलित और समझदारी भरी बात ही आपको सम्मान दिलाएगी। किसी से बहस करने से बचें। लंबी दूरी की यात्रा टालना बेहतर रहेगा। किसी को पैसा उधार देने से भी बचें, क्योंकि उसके वापस मिलने में परेशानी हो सकती है। संतान के स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी चिंता रह सकती है। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखें।

### वृश्चिक



आज कुछ नया और रचनात्मक करने का उत्साह रहेगा। व्यापार या कार्यक्षेत्र में नई योजनाएं बनेंगी और उन्हें आगे बढ़ाने में भाग्य का अच्छा साथ मिल सकता है। किसी उलझन में हैं तो अनुभवी व्यक्ति, गुरु या सच्चे शुभचिंतक की सलाह लेना उपयोगी रहेगा। व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा विशेष लाभ दे सकती है। हालांकि जिद और अड़ियल रवैया आपके काम में रुकावट डाल सकता है। पैसों से जुड़े फैसले भावनाओं में आकर न लें। परिवार में मतभेद हों तो बातचीत के जरिए उन्हें सुलझाएं। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण रखना आज आपकी सफलता की कुंजी रहेगा।

### धनु



आज मन को लंबे समय से परेशान कर रही उथल-पुथल और चिंता काफी हद तक दूर हो सकती है। मानसिक शांति महसूस होगी और दूर स्थान से कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना है। रिश्तेदारों और पुराने दोस्तों के साथ संबंध बेहतर होंगे तथा पुरानी कड़वाहट कम होगी। हालांकि काम के साथ परिवार के लिए भी पर्याप्त समय निकालना जरूरी है। व्यापार में खर्च बढ़ सकते हैं, जिससे बचत प्रभावित हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा और बाहर के अस्वास्थ्यकर खान-पान से बचें। स्वास्थ्य को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें।

### मकर



आज आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल सकता है। मानसिक तनाव कम होगा और व्यापार में लाभ के अच्छे अवसर सामने आएंगे। पुराने मित्रों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर लंबी बातचीत हो सकती है, जिससे भविष्य के लिए नए रास्ते खुलेंगे। हालांकि आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए आपको अतिरिक्त मेहनत और ऊर्जा लगानी होगी। किसी शॉर्टकट के चक्कर में न पड़ें। परिवार से जुड़ा कोई बड़ा फैसला अकेले लेने के बजाय घर के बुजुर्गों की सलाह लेना बेहतर रहेगा। स्वास्थ्य से जुड़ी छोटी परेशानी को भी नजरअंदाज न करें। आलस्य छोड़कर सक्रिय रहना आपके लिए बेहद जरूरी है।

### कुंभ



आज आपके मान-सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। समाज और कार्यक्षेत्र में आपके काम की सराहना होगी, जिससे आपका प्रभाव बढ़ेगा। जमीन-जायदाद या प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों में बड़ा लाभ मिलने के संकेत हैं। मानसिक तनाव कम होगा और स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यापार के पुराने और लंबित काम दोबारा गति पकड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में पूरी एकाग्रता बनाए रखें और सहकर्मियों की गतिविधियों पर भी नजर रखें। बातचीत में विनम्रता जरूरी है, क्योंकि कठोर शब्द अच्छे अवसर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अचानक आने वाले गुस्से पर नियंत्रण रखें और शांत रहकर फैसले लें।

### मीन



आज आपके भीतर सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह की भरपूर मात्रा रहेगी। रुके हुए और अधूरे कामों को तेजी से पूरा करने के लिए समय अनुकूल है। मन प्रसन्न रहेगा और सकारात्मक सोच के साथ किए गए प्रयासों में सफलता मिलने की संभावना बढ़ेगी। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी और पार्टनर के साथ रिश्ता मधुर होगा। व्यापार में मनचाहा लाभ पाने के लिए मेहनत को दोगुना करना पड़ेगा। करियर में प्रतिस्पर्धा और मेहनत का दबाव रहेगा, इसलिए पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ें। लंबी दूरी की यात्रा आज थकाऊ और कम लाभदायक हो सकती है, इसलिए इससे बचना बेहतर होगा

# Aaj Ka Love Rashifal

## आज का लव राशिफल 16 सितंबर: वृषभ, वृश्चिक और कुंभ राशि के लिए खास रहेगा दिन, रिश्ते में बढ़ेगा भरोसा और प्रेम



**16 September 2026 Love Horoscope:** आज प्यार के मामले में सितारे आपका कितना साथ देंगे? जानिए मेष से मीन राशि तक सभी जातकों का आज का लव राशिफल और प्रेम जीवन का हाल।

**Aaj Ka Love Rashifal 16 September 2026:** प्रेम और रिश्तों के लिहाज से 16 सितंबर 2026 का दिन कई राशियों के लिए खास रहने वाला है। ग्रहों और नक्षत्रों की चाल का असर आपकी लव लाइफ, पार्टनर के साथ रिश्ते, भावनात्मक जुड़ाव और दांपत्य जीवन पर देखने को मिल सकता है। किसी राशि के जातकों के रिश्ते में प्यार और रोमांस बढ़ेगा तो कुछ लोगों को छोटी-मोटी गलतफहमियों और बहस से बचने की सलाह दी जाती है। वहीं सिंगल जातकों के लिए भी आज का दिन महत्वपूर्ण हो सकता है, क्योंकि किसी खास व्यक्ति से मुलाकात या अपने क्रश के करीब आने का अवसर मिल सकता है।

16 सितंबर 2026 का लव राशिफल खास तौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी हो सकता है जो अपने प्रेम जीवन को लेकर आने वाले दिन की संभावनाओं को जानना चाहते हैं।

## 18 सितंबर को नीच राशि में मंगल करेंगे प्रवेश, 12 नवंबर तक इन 4 राशियों को रहना होगा सतर्क




ज्योतिष के अनुसार 18 सितंबर को मंगल कर्क राशि में गोचर करेंगे। मंगल का यह गोचर कुछ राशियों के लिए चुनौती बढ़ा सकता है। जानें किन 4 राशियों को 12 नवंबर तक सावधान रहना होगा।

ज्योतिष शास्त्र में मंगल को साहस, ऊर्जा, भूमि, पराक्रम और संघर्ष का कारक ग्रह माना जाता है। मंगल की स्थिति में बदलाव का असर व्यक्ति के जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों पर देखने को मिल सकता है।18 सितंबर 2026 को मंगल कर्क राशि में प्रवेश करने वाले हैं और इस राशि में लगभग 12 नवंबर तक रहेंगे। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार कर्क राशि मंगल की नीच राशि मानी जाती है, इस दौरान कुछ जातकों को करियर, आर्थिक स्थिति, परिवार, स्वास्थ्य और संपत्ति से जुड़े मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत पड़ सकती है। खासतौर पर चार राशियों को इस अवधि में जल्दबाजी में फैसले लेने से बचना चाहिए। आइए जानते हैं किन राशियों को मंगल के इस गोचर के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।

## 26 सितंबर से लक्ष्मी नारायण राजयोग, जानें 12 राशियों में किसे लाभ और किसे करना होगा इंतजार?




26 सितंबर को बुध-शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग बनने जा रहा है। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार इसका असर सभी 12 राशियों पर देखने को मिल सकता है। जानें किस राशि को धन, करियर और कारोबार में लाभ मिलेगा और किसे थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है।

ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों की चाल और उनकी युति का विशेष महत्व माना जाता है। जब शुभ ग्रह एक-दूसरे के साथ आते हैं, तो उनके संयोग से बनने वाले योग का प्रभाव कई राशियों के जीवन में देखने को मिल सकता है। सितंबर के अंत में बुध और शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग बनने जा रहा है। बुध को बुद्धि, वाणी, व्यापार और तर्क का कारक माना जाता है, जबकि शुक्र धन, प्रेम, सुख-सुविधा, कला और ऐश्वर्य से जुड़े ग्रह माने जाते हैं। ऐसे में इन दोनों ग्रहों का मिलन आर्थिक और करियर के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि इस योग का असर सभी राशियों पर एक जैसा नहीं रहेगा। कुछ राशियों के लिए यह समय बेहद शुभ रह सकता है,जबकि कुछ लोगों को लाभ पाने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है।

तो आइए जानते हैं 26 सितंबर 2026 को बनने वाले लक्ष्मी नारायण राजयोग का सभी 12 राशियों पर क्या प्रभाव पड़ेगा और किन जातकों के लिए यह योग धन, करियर और कारोबार में नई उम्मीद लेकर आ सकता है।

**मेष राशि**

मेष राशि वालों के लिए यह योग कार्यक्षेत्र में नए अवसर लेकर आ सकता है। नौकरीपेशा लोगों को किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में जिम्मेदारी मिल सकती है। कारोबार में नए लोगों से संपर्क बनेंगे, जो आगे चलकर लाभदायक साबित हो सकते हैं।

## सूर्य कन्या गोचर: 17 सितंबर से इन राशि वालों के शुरू होंगे अच्छे दिन, करियर में मिलेगी मनचाही सफलता




**Surya Gochar 2026:** सूर्य कन्या राशि गोचर से कुछ राशियों को मनचाही सफलता की प्राप्त होगी। साथ ही जातकों का भाग्योदय भी संभव है। आइए इन 3 लकी राशियों को जानते हैं।

**Surya Gochar 2026:** 17 सितंबर 2026 को सूर्य कन्या राशि में गोचर करने जा रहे हैं। सूर्य के इस राशि परिवर्तन को कन्या संक्रांति कहा जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सूर्य एक राशि में करीब एक महीने तक रहते हैं और इसके बाद ही अगली राशि में प्रवेश करते हैं। इस दौरान उनकी अन्य ग्रहों के साथ युति बनती है, जिसका प्रभाव सभी राशियों पर अलग-अलग देखने को मिलता है। वर्तमान में ग्रहों के राजा सूर्य अपनी राशि सिंह में विराजमान हैं और अब 17 सितंबर को कन्या में प्रवेश करेंगे। इस दौरान बुध के साथ उनकी युति से बुधादित्य राजयोग का निर्माण होगा। ज्योतिषीय दृष्टि से यह योग कुछ राशि वालों के लिए बेहद शुभ माना जा रहा है। इसके प्रभाव से भाग्य का साथ मिलने के साथ करियर में नए अवसर और मनचाही सफलता प्राप्त हो सकती है। ऐसे में आइए जानते हैं किन राशियों का भाग्योदय होने वाला है।

**सिंह राशि**

सिंह राशि वालों के लिए यह समय बेहद शुभ रहने वाला है। उन्हें जीवन के कई क्षेत्रों में मनचाही सफलता मिल सकती है। इस दौरान नए लोगों से मुलाकात होगी, जो भविष्य में आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। कारोबार से जुड़े लोग किसी नई योजना पर काम शुरू कर सकते हैं। आय के नए-नए अवसर मिलने के योग हैं। कार्यक्षेत्र में आपके काम की तारीफ होगी। किसी यात्रा पर जाने की योजना भी सफल होती दिख रही है।

**धनु राशि**

धनु राशि वालों को करियर के मनचाहे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। नौकरीपेशा जातकों के मान-सम्मान और प्रभाव में वृद्धि होने के योग हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और क्षमता की पहचान होगी। इस दौरान कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी मिल सकती है, जो भविष्य में तरक्की का रास्ता खोल सकती है। उच्च पदों पर बैठे लोगों से भी आपको सराहना मिल सकती है। किसी यात्रा पर जाने की योजना सफल होती दिख रही है और इससे आपको नए अनुभव व अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**मकर राशि**

मकर राशि वालों के लिए यह समय किसी चमत्कार से कम नहीं रहेगा। आय में बढ़ोतरी होने के साथ अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। आमदनी बढ़ाने के नए-नए रास्ते खुल सकते हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। लंबे समय से धन से जुड़ी कोई योजना पूरी हो सकती है।

## आज का अंक ज्योतिष: मूलांक 3 के लिए नए अवसरों का दिन, मूलांक 7 को अनुभव से मिलेगा लाभ, पढ़ें अंक ज्योतिषफल




Aaj Ka Ank Jyotish 16 September 2026: आज अंक ज्योतिष के अनुसार आपका दिन कैसा रहेगा? जानिए मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए करियर, धन, प्रेम और स्वास्थ्य से जुड़े खास संकेत और आज के शुभ अंक।

## क्या रोहित खेलेंगे 2027 विश्व कप: हार्दिक की वापसी कब?
## अगरकर की आखिरी चयन बैठक में लिए जा सकते हैं बड़े फैसले




भारत की वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम चयन में रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या पर खास नजर होगी। अगरकर की अध्यक्षता वाली यह आखिरी चयन बैठक होगी। रोहित के 2027 विश्व कप खेलने और हार्दिक की फिटनेस के अलावा विकेटकीपर, ऑलराउंडर और स्पिन विभाग में भी फैसले अहम होंगे। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 27 सितंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम चयन कई बड़े सवालों के जवाब दे सकता है। अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाला चयन पैनल टीम चुनेगा और यह अगरकर की आखिरी चयन बैठक होगी, क्योंकि उनका कार्यकाल अक्तूबर की शुरुआत में खत्म होने वाला है। इस बैठक में सबसे ज्यादा नजर रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या पर रहेगी। एक तरफ रोहित के 2027 वनडे विश्व कप खेलने की इच्छा और उनके भविष्य को लेकर लगातार अलग-अलग संकेत मिलते रहे हैं, तो दूसरी तरफ हार्दिक लंबे समय से चोट के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर हैं।

**रोहित शर्मा के भविष्य पर क्या होगा फैसला?**

2027 वनडे विश्व कप में अब एक साल से थोड़ा ज्यादा समय बचा है और रोहित शर्मा का भविष्य भारतीय क्रिकेट में बड़ा सवाल बना हुआ है। रोहित साफ कर चुके हैं कि वह इस विश्व कप में खेलना चाहते हैं, लेकिन उनके भविष्य को लेकर लगातार स्पष्ट तस्वीर सामने नहीं आई है। इंग्लैंड दौरे के दौरान जुलाई में यह बात सामने आई थी कि चयनकर्ताओं ने रोहित को बताया था कि वे उनसे आगे बढ़ने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बाद में इन चर्चाओं को खारिज करते हुए कहा था कि रोहित भारतीय टीम की वनडे योजनाओं का हिस्सा बने हुए हैं।

रोहित के वनडे भविष्य पर चर्चा इंग्लैंड के खिलाफ कार्डिफ में खेले गए दूसरे वनडे के बाद और तेज हुई। इस मुकाबले में उन्होंने 47 गेंदों पर 26 रन बनाए थे। इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज में उनके स्कोर 16, 48 और 79 रन रहे थे। ये प्रदर्शन बहुत खराब नहीं थे, लेकिन इन्हें भी पूरी तरह प्रभावशाली नहीं कहा जा सकता। हालांकि, उनका सबसे हालिया वनडे शतक लॉर्ड्स में आया था। रोहित की टीम में जगह पर अक्तूबर 2025 से ही सवाल उठते रहे हैं। चयन पैनल ने उन्हें हटाकर शुभमन गिल को भारत का वनडे कप्तान बनाया था। यह फैसला मार्च में रोहित की कप्तानी में भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के कुछ समय बाद आया था ऐसे में बुधवार की चयन बैठक रोहित के भविष्य को लेकर कुछ स्पष्टता दे सकती है। अब तक इस सवाल पर अलग-अलग तरह के संकेत सामने आए हैं।

## भारत बनाम अफगानिस्तान: क्या आलोचनाओं से टूट जाते हैं
## सैमसन? बोले- मैं मशीन नहीं हूं थोड़ा असर तो पड़ता ही है



अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के बाद संजू सैमसन ने आलोचनाओं और सोशल मीडिया के शोर पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि बातों का असर पड़ता है क्योंकि वह मशीन नहीं हैं, लेकिन अनुभव ने उन्हें खुद को संभालना सिखाया है। वैभव सूर्यवंशी को टीम में जगह मिलने और अपने बाहर होने को लेकर भी उन्होंने प्रबंधन के फैसले को समझने की बात कही। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदर्शन के साथ खिलाड़ियों को बाहरी चर्चाओं और आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ता है। संजू सैमसन भी इससे अछूते नहीं हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के बाद भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने माना कि सोशल मीडिया और लोगों की बातों का उन पर असर पड़ता है। हालांकि, उन्होंने यह भी बताया कि समय के साथ उन्होंने इस तरह के दबाव से निपटना सीख लिया है। मैच के बाद मीडिया से बातचीत में सैमसन ने कहा कि वह बाहरी शोर से खुद को दूर रखने की कोशिश करते हैं, लेकिन कई बार सोशल मीडिया की बातें सामने आ ही जाती हैं। उन्होंने माना कि ऐसी चीजें उन्हें परेशान करती हैं। सैमसन ने कहा, 'मैं वाई-फाई बंद करने की कोशिश करता हूं। लेकिन कभी-कभी वाई-फाई चालू हो जाता है और मैं कुछ सोशल मीडिया कमेंट्स देख लेता हूं। कुछ सीनियर खिलाड़ी कुछ कहते हैं और कुछ नहीं। यह बहुत सामान्य बात है। मुझे लगता है कि यह उनकी पसंद है। कभी-कभी यह उनकी सोच पर निर्भर करता है कि वे किन शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। कई बार मुझे थोड़ा बुरा लगता है। मैं कोई मशीन या रोबोट नहीं हूं। थोड़ा असर तो पड़ता ही है। लेकिन फिर आप खुद से बात करने की कोशिश करते हैं और खुद को याद दिलाते हैं कि आप क्या हैं और आपको क्या करना है।' सैमसन ने माना कि भारतीय क्रिकेटरों के लिए बाहरी चर्चाओं से पूरी तरह बच पाना आसान नहीं है। उनके मुताबिक, ऐसे समय में खिलाड़ी को अपनी सोच और तैयारी को लेकर स्पष्ट रहना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'हां, भारत में क्रिकेटरों पर बाहरी शोर का असर पड़ता है। लेकिन आपको अपनी सोच को लेकर बहुत स्पष्ट होना चाहिए। आप कैसे तैयारी करना चाहते हैं? आप कैसे खेलना चाहते हैं? अगर मैंने उन चीजों पर ध्यान दिया होता, तो मैं इस तरह बल्लेबाजी नहीं कर पाता।'

सैमसन पर टीम में अपनी जगह को लेकर भी दबाव रहा है। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने शानदार प्रदर्शन कर ओपनिंग स्लॉट के लिए चुनौती पेश की है। सैमसन ने वैभव के प्रदर्शन और टीम प्रबंधन के फैसले को लेकर भी खुलकर बात की।

## पीटरसन या ब्रूक कौन बड़ा टैलेंट?: स्टोक्स ने बताया अपना फेवरेट
## आलोचना के डर से फिर इस तरह किया डैमेज कंट्रोल




इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 में तूफानी शतक जड़कर टीम को बड़ी जीत दिलाई। उनके प्रदर्शन के बाद बेन स्टोक्स ने ब्रूक की प्रतिभा की तुलना इंग्लैंड के दिग्गज केविन पीटरसन से की और कहा कि उनके मुताबिक ब्रूक बेहतर हैं। हालांकि, स्टोक्स ने बाद में मजाकिया अंदाज में माना कि पीटरसन को लेकर उनकी पहली टिप्पणी थोड़ी कठोर थी। हैरी ब्रूक के बल्ले से श्रीलंका के खिलाफ जिस तरह रन बरसे, उसने इंग्लैंड के मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों को भी प्रभावित किया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स ने ब्रूक की प्रतिभा की तुलना टीम के महान बल्लेबाजों में शामिल केविन पीटरसन से करते हुए कहा कि पीटरसन की प्रतिभा भी ब्रूक के स्तर तक नहीं पहुंचती। स्टोक्स ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मुझे तो लगता भी नहीं कि केपी की प्रतिभा हैरी ब्रूक की प्रतिभा के करीब भी पहुंच सकती है।' उन्होंने आगे खिलाड़ियों की आलोचना करने की बजाय उनके खेल का आनंद लेने की बात कही। स्टोक्स ने लिखा, 'क्या वाकई इतना मुश्किल है कि हम बस बैठकर इन खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखें और अच्छे दिनों के साथ-साथ खराब दिनों में भी उनका आनंद लें? उन चीजों के लिए उन्हें कोसना बंद करें, जिन्हें करने के बारे में हम कभी सोच भी नहीं सकते, क्योंकि उस तरह सोचने के स्तर पर हम हैं ही नहीं।' ब्रूक की तारीफ करते हुए स्टोक्स ने लिखा, 'तुम बिल्कुल अलग स्तर के खिलाड़ी हो, हैरी। तुम्हें खेलते देखना शानदार है।' स्टोक्स के इस बयान के बाद उन्होंने खुद ही अपनी बात को थोड़ा नरम किया। उन्होंने एक और पोस्ट में लिखा, 'असल में केपी के साथ थोड़ा कठोर हो गया। दोनों ही असाधारण प्रतिभा वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन मेरा कहना यह है कि मेरे मुताबिक ब्रूक बेहतर हैं।' यानी स्टोक्स ने पीटरसन की प्रतिभा को कमतर बताने से खुद को अलग करते हुए साफ किया कि उनकी राय में ब्रूक फिलहाल उनसे बेहतर प्रतिभा हैं। यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब ब्रूक ने श्रीलंका के खिलाफ

## इंग्लैंड ने श्रीलंका को 119 रन से रौंदा:
## बटलर की तूफानी बैटिंग ब्रूक ने जड़ा शतक अंग्रेजों ने बनाए 254 रन

इंग्लैंड ने तीन टी20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका को 119 रन से हराकर 1-0 की बढ़त बना ली। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 254 रन बनाए। जोस बटलर ने 80 रन की तूफानी पारी खेली, जबकि कप्तान हैरी ब्रूक ने 114 रन का नाबाद शतक जड़ा। जवाब में श्रीलंकाई टीम 135 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड ने तीन टी20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका को 119 रन के बड़े अंतर से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। साउथैम्पटन के रोज बाउल में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 254 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में श्रीलंकाई टीम 19 ओवर में 135 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड की जीत के नायक कप्तान हैरी ब्रूक और जोस बटलर रहे। ब्रूक ने शतक लगाया, जबकि बटलर सेंचुरी से चूक गए। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। पूर्व कप्तान जोस बटलर ने पारी की शुरुआत करते हुए 44 गेंदों में 80 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और तीन छक्के लगाए। बटलर तेजी से रन बनाते रहे और एक समय ऐसा लग रहा था कि वह अपना शतक भी पूरा कर लेंगे, लेकिन उनकी पारी 80 रन पर समाप्त हो गई। इसके बावजूद उन्होंने इंग्लैंड को बड़े स्कोर की मजबूत नींव दे दी। बटलर के बाद कप्तान हैरी ब्रूक ने मोर्चा संभाला और श्रीलंकाई गेंदबाजों की जमकर खबर ली। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे ब्रूक ने सिर्फ 49 गेंदों में नाबाद 114 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और छह छक्के लगाए।




**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**
**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**
**– सम्पादक**

## फॉर्म में लौटे संजू सैमसन: दूसरे मैच में दिलाई दमदार जीत भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ जीता लगातार 10वां टी20




भारतीय टीम ने जीत की लय बरकरार रखते हुए अफगानिस्तान को दूसरे टी20 में सात विकेट से हराया। भारत ने इस तरह तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। भारत के लिए राहत की बात यह है कि सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन फॉर्म में लौट आए हैं। भारतीय टीम ने अफगानिस्तान को दूसरे टी20 मुकाबले में सात विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 159 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 14.5 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। भारत के लिए इस मैच में जहां नीतीश रेड्डी ने गेंदबाजी में प्रभावित किया, वहीं, सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने फॉर्म में वापसी करते हुए अर्धशतक लगाया।

**अफगानिस्तान के खिलाफ दबदबा बरकरार**

भारत ने अभी तक टी20 इतिहास में अफगानिस्तान के खिलाफ कोई मैच नहीं गंवाया है। भारत ने दबदबा बरकरार रखते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ लगातार 10वां टी20 मुकाबला जीता। ये टी20 में भारत के खिलाफ किसी टीम की लगातार सर्वाधिक हार है। अफगानिस्तान ने इस मामले में बांग्लादेश को पीछे छोड़ा। बांग्लादेश ने 2019 से 2025 के बीच भारत के खिलाफ लगातार नौ मैच गंवाए थे।

**सैमसन-अभिषेक की शानदार शुरुआत**

लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन और अभिषेक ने टीम इंडिया को मजबूत शुरुआत दिलाई। सैमसन पिछले मैच में सस्ते में आउट हुए थे। वैभव सूर्यवंशी को बैठाकर उन्हें मौका देने पर सवाल खड़े किए जा रहे थे, लेकिन सैमसन ने एशियाई खेलों से ठीक पहले फॉर्म में वापसी की और भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सैमसन ने धीमी शुरुआत की थी और आठ गेंदों पर 10 रन बनाए थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने गियर बदला और तेजी से खेलना शुरू किया। सैमसन ने 20 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। सैमसन और अभिषेक के बीच पहले विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी हुई जिसे राशिद ने अभिषेक को आउट कर तोड़ा। अभिषेक के आउट होने के बाद सैमसन ने अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसके बाद उन्हें भी राशिद ने अपना शिकार बनाया। फिर कप्तान श्रेयस अय्यर राशिद का तीसरा शिकार बने। हालांकि, ईशान किशन और तिलक वर्मा ने भारत को जीत दिलाने की औपचारिकता पूरी की। भारत के लिए सैमसन ने 22 गेंदों पर सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 57 रन बनाए। वहीं, अभिषेक ने 39 और कप्तान श्रेयस ने 11 रन बनाए। ईशान किशन 23 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 38 और तिलक वर्मा ने 14 गेंदों पर एक चौके की मदद से नाबाद 15 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए तीनों विकेट राशिद खान ने लिए। इससे पहले, भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अर्शदीप सिंह ने रहमानुल्लाह गुरबाज को आउट कर अफगानिस्तान को पहला झटका दिया।

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300

















